संख्या–cm-452
31/08/2023

# मुख्यमंत्री ने औरंगाबाद में आहर में डूबने से 05 बच्चों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

- **सभी मृतकों के निकटतम परिजनों को चार–चार लाख रूपये की अनुग्रह राशि अविलम्ब उपलब्ध कराने का दिया निर्देश**

पटना, 31 अगस्त 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने औरंगाबाद जिले के सलैया थाना क्षेत्र के सोनारचक गांव में आहर में डूबने से 05 बच्चों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने इस घटना को दुखद बताया है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने सभी मृतकों के निकटतम परिजनों को चार–चार लाख रूपये की अनुग्रह राशि अविलम्ब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

******